षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्थ सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-02.12.2016 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० डा० अशोक कुमार, स०वि०स०	"पंचायती राज अधिनियम के तहत गठित बिहार राज्य ग्राम रक्षा दल के जवानों को प्रशिक्षणोपरान्त सरकार द्वारा वर्दी की आपूर्त्ति तो की गयी, परन्तु सरकारी संस्थानों की सुरक्षा हेतु इनकी प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी जिससे इन जवानों में असंतोष व्याप्त है । ये जवान अनिवार्य अन्य सुविधाओं से भी वंचित हैं, जिनकी मांग ये सरकार से करते रहे हैं । अतएव ग्राम रक्षा दल के जवानों की सेवा काल में आकस्मिक मृत्यु हो जाने के उपरान्त परिवार के एक सदस्य की नियुक्ति, उनकी विधवा पत्नी को सहायता के रूप में मुआवजा राशि का भुगतान एवं सरकारी संस्थानों में इनकी प्रतिनियुक्ति से सम्बन्धित जायज मांगों पर हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	पंचायती राज

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री राज कुमार राय, स०वि०स० श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री लक्ष्मेश्वर राय, स०वि०स०	"बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त भवनहीन मदरसों के लिए सर्व-शिक्षा अन्तर्गत भवन निर्माण कार्य करवाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	शिक्षा

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-32/16-3640-3652/ वि०स०, पटना, दिनांक- 01 दिसम्बर, 2016 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / उप मुख्यमंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / पंचायती राज विभाग तथा शिक्षा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रदीप कुमार राय
01.12.16
(प्रदीप कुमार राय)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-32/16-3640-3652 / वि०स०, पटना, दिनांक- 01 दिसम्बर, 2016 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रदीप कुमार राय
01.12.16
(प्रदीप कुमार राय)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।